THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) and (b) As per current policy, Corporations owned or controlled by the State Governments, including State Civil Supplies Corporations arc eligible to apply against the specific advertisements for LPG distributorships under 'Open category'-Their applications are decided on merit by the Oil Selection Boards.

(c) and (d) New LPG connections are released depending on the annual enrolment of new cutstomers, slack available with the distributors in the State, waiting lists and product availability. Allotment of new gas connections is not made on Statewise basis.

सांसदों से प्राप्त पत्र

5742. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सांसदों द्वारा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और इसके अधीन कार्यालयों को प्रेषित किये गये पत्रों का अंतिम उत्तर नहीं दिया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) 1-7-92 से 30 मार्च, 1994 तक की अवधि के दौरान सांसदों से कितने पत्र प्राप्त हुये और कितने पत्रों के संबंध में अंतिम उत्तर अब तक नहीं दिये गये ; और

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में किसी अधिकारी की जिम्मेदारी निश्चित की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) मंत्रालय को संसद सदस्यों से प्राप्त संदर्भों के प्रति तीन माह की अवधि के अन्तर्गत अंतिम उत्तर भेजने के संबंध में निरन्तर प्रयास किये जाते हैं । तथापि, कतिपय संदर्भ जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा अन्य एजेंसियों के साथ परामर्श करके विस्तृत जांच/छानबीन की आवश्यकता जैसे मुद्दे उठते हैं, उनको निपटाने में अधिक समय लगता है । संसद सदस्यों से प्राप्त संदर्भों के निपटान के संबंध में आवश्यक उपचारी कार्यवाही करने हेतु मंत्रालय में विविध स्तरों पर नियमित रूप से पुनरीक्षा की जाती है ।

(ग) 01 जुलाई, 1992 से 31 मार्च, 1993 की अवधि के दौरान मंत्रालय को संसद सदस्यों से 4008 संदर्भ प्राप्त हुये थे । इनमें से 2385 संदर्भों के उत्तर 31 मार्च, 1993 तक दे दिये गये थे और 1623 शेष रह गये थे । 01 अप्रैल, 1993 से 31 मार्च, 1994 की अवधि के दौरान मंत्रालय को शेष 1623 के अतिरिक्त 4567 संदर्भ प्राप्त हुए थे इनमें से 4784 संदर्भों के प्रति 31 मार्च, 1994 तक उत्तर दे दिये गये थे और शेष 1406 बच गये थे ।

(घ) उपर्युक्त भाग (क), (ख) और (ग) के प्रति दिये गये उत्तरों की दृष्टि से प्रश्न नहीं उठता ।

गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों में रसोई गैस कनेक्शनों का जारी किया जाना

5743. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन** : क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात और महाराष्ट्र के जिलों में रसोई गैस के कितने कनैक्शन जारी किये गये हैं ;

(ख) क्या राज्य सरकारों ने वर्ष 1993-94 और 1994-95 के दौरान गैस के और नये कनेक्शन जारी करने के लिये कोई प्रस्ताव रखे हैं ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(घ) ये कनेक्शन कब तक जारी कर दिये जायेंगे ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) एक विवरण संलग्न है । **(नीचे देखिए)**

(ख) से (घ) एल०पी०जी० कनेक्शनों के पंजीयन में वृद्धि के लिये विभिन्न राज्य सरकारों से समय समय पर अनुरोध प्राप्त होते रहते हैं । नये गैस कनेक्शनों का आबंटन राज्यवार आधार पर नहीं किया जाता । नये एल०पी०जी० कनेक्शन नये उपभोक्ताओं के अनुमोदित वार्षिक पंजीयन राज्य में डिस्ट्रीब्यूटरों के पास उपलब्ध गुजाइश, प्रतीक्षा सूचियों और उत्पाद उपलब्धता के आधार पर जारी किये जाते हैं । फिर भी यथा संभव आवेदकों को यथाशीघ्र एल०पी०जी० कनेक्शन जारी करने के सतत प्रयास जारी हैं ।

विवरण

जारी किए गए एल०पी०जी० कनेक्शनों की संख्या

क्रम सं.	जिले	1991–92	1992–93	1993–94
	राज्य : महाराष्ट्र			
1.	अमरावती	2645	3161	5211
2.	अकोला	3266	2448	4649
3.	औरंगाबाद	1650	1859	2872
4.	भंडारा	1553	847	2909
5.	चन्द्रपुर	1370	932	2847
6.	बुलधाना	1774	1315	2389
7.	जलगांव	3724	5163	6976
8.	धुलिया	4735	3194	5659
9.	जालना	623	811	794
10	नागपुर	7064	3893	11659
11.	यावतमाल	2209	962	1638
12.	नान्देड	723	2847	998
13.	वर्धा	1355	743	1748
14.	पुणे	14882	14585	18406
15.	नासिक	6132	6874	14529
16.	अहमदनगर	4298	4656	5520
17.	कोल्हापुर	1444	1721	4538
18.	बंबई	20497	19666	28838
19.	रायगढ	5601	5143	9552
20.	गोडचिरोली	475	400	375
21.	परभनी	1499	665	666

जारी किए गए एल० पी० जी० कनेक्शनों की संख्या

क्रम सं०	जिले	1991–92	1992–93	1993–94
22.	थाणे	9160	5706	12083
23.	बीड	1027	1104	1483
24.	रत्नागिरि	717	552	1257
25.	सिंधुदुर्ग	679	1000	1087
26.	शोलापुर	2854	2778	4891
27.	लातूर	375	416	1151
28.	उस्मानाबाद	--	70	57
29.	सांगली	1431	1603	2029
30.	सतारा	2574	2653	9263
	राज्य : गुजरात			
1.	अहमदाबाद	7552	8798	13742
2.	वडोदरा	3856	1780	2563
3.	सूरत	9020	5011	9089
4.	गांधीनगर	2372	1600	1583
5.	खेडा	5291	3184	4407
6.	भरुच	1988	1093	1629
7.	मेहशाना	1266	975	1946
8.	पंचमहल	1176	801	1911
9.	बलशाढ	2862	1372	2488
10.	बनाशकांटा	393	260	736
11.	राजकोट	5010	4303	4929
12.	भावनगर	2091	1913	2048
13.	जामनगर	5369	2737	3519
14.	जूनागढ	2531	975	1746
15.	सुरेन्द्र नगर	663	910	1216
16.	अमरेली	1020	893	1240
17.	कच्छ	3837	2366	2248
18.	सबरकंठा	45	190	150